पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी में प्रधानमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया

## जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े : मुख्यमंत्री

## स्वच्छ पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश

## यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने पर विशेष बल

**लखनऊ : 29 जुलाई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज ग्राम सभा बनौली वि0खं0 सेवापुरी, जनपद वाराणसी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आगामी 02 अगस्त को प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जनसभा स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसभा स्थल पर आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके दृष्टिगत जनसभा स्थल पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, छाया सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था चाक चौबंद करने सहित यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों को कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी को मण्डलायुक्त वाराणसी श्री एस0 राजलिंगम ने मानचित्र के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली समस्त तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया।

निरीक्षण के दौरान श्रम एवं सेवायोजन मंत्री श्री अनिल राजभर, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु' सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा शासन–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————

***PN-CM-Varanasi Visit Jansabha Sthal Inspection--29 July, 2025***